सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5152	15.02.2019	15.02.2019	**Madhya Pradesh**	Hari Bhoomi Hindi Newspaper 15th February, 2019/ Page No. 07
Title:	**In 44 days, 11 deaths due to Swine Flu in Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to SSU-Madhya Pradesh			

स्वाइन फ्लू से दो और मौत 44 दिन में 11 ने दम तोड़ा

Hari Bhumi 15/2/19

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

ठंड कम होने के बावजूद स्वाइन फ्लू का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को इस बीमारी से फिर दो लोगों की मौत हो गई। एक जनवरी से अब तक 44 दिन में शहर में स्वाइन फ्लू से 11 लोग दम तोड़ चुके हैं। जिन दो लोगों की बीमारी से मौत हुई, उनमें एक उज्जैन निवासी पुरुष है तो दूसरी देपालपुर निवासी महिला। दोनों का इलाज निजी अस्पतालों में चल रहा था। बुधवार को दो और संदिग्ध मरीजों के स्वाब सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे गए।

आईडीएसपी नोडल अधिकारी डॉ. अमित मालाकार के मुताबिक उज्जैन निवासी 47 वर्षीय पुरुष को स्वाइन फ्लू के लक्षण के बाद 21 जनवरी को बॉम्बे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से भोपाल भेजे गए स्वाब सैंपल में बीमारी की पुष्टि हुई थी। बुधवार को इस मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी तरह देपालपुर निवासी 65 वर्षीय महिला को गंभीर सर्दी-जुकाम के बाद 29 जनवरी को अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीमारी की पुष्टि होने के बाद उनका इलाज जारी था।

बुधवार सुबह इलाज के दौरान महिला ने भी दम तोड़ दिया। शहर में स्वाइन फ्लू से होने वाली यह 11वीं मौत है।

Shot on OnePlus
By Avnesh(8A)

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर